दिन– रविवार दिनांक– 10 / 08 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज सामाजिक सुरक्षा पेंशन की दूसरी किस्त जारी करेंगे। एक हजार दो सौ सैंतालीस करोड़ रुपये से अधिक की राशि लाभुकों के खाते में होगी अंतरित।

02. रेलवे ने राउंड ट्रिप पैकेज योजना शुरू की। यात्रियों को आने–जाने का टिकट एक साथ लेने पर रेल किराये में बीस प्रतिशत की मिलेगी छूट।

03. प्रदेश की नदियों में भारी उफान के कारण पटना, बक्सर, खगड़िया और भागलपुर समेत कई जिलों में बाढ़ की स्थिति गंभीर। तेरह जिलों में दस लाख से अधिक की आबादी बाढ़ से प्रभावित।

04. और, राजगीर में खेले जा रहे एशिया रग्बी सेवन अंडर ट्वेंटी चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में आज भारतीय महिला टीम का मुकाबला चीन के साथ होगा।

———————————————————

प्रदेश में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत बढ़ी हुई राशि की दूसरी किस्त आज जारी की जाएगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पटना में आयोजित कार्यक्रम में एक करोड़ बारह लाख से अधिक लाभुकों के बैंक और डाकघर खातों में डीबीटी के माध्यम से एक हजार दो सौ सैंतालीस करोड़ रुपये से अधिक की राशि अंतरित करेंगे। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा तथा समाज कल्याण मंत्री मदन सहनी भी शामिल रहेंगे। गौरतलब है कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन की बढ़ी हुई राशि ग्यारह सौ रुपये की पहली किस्त का भुगतान पिछले महीने ग्यारह जुलाई को किया गया था। सामाजिक पेंशन योजना के तहत छह प्रकार की पेंशन दी जाती है।

———————————————————

रेलवे ने राउंड ट्रिप पैकेज योजना शुरू करने का निर्णय लिया है, जिसके तहत आने–जाने का टिकट एक साथ कराने पर यात्रियों को वापसी यात्रा पर बीस प्रतिशत की छूट दी जाएगी। रेल मंत्रालय ने बताया कि इस योजना के तहत बुक टिकटों पर किराया लौटाया नहीं जाएगा। योजना के तहत तेरह अक्तूबर की अवधि के लिए बुकिंग इस महीने की चौदह तारीख से शुरू होगी। वापसी यात्रा के टिकट बुक करते समय साठ दिनों की अग्रिम आरक्षण अवधि लागू नहीं होगी। रेलवे बोर्ड के कार्यकारी निदेशक– सूचना और प्रसारण दिलीप कुमार ने बताया कि यह योजना फ्लैक्सी किराये वाली ट्रेनों को छोड़कर सभी श्रेणियों और विशेष ट्रेनों में मान्य होगी।

———————————————————

मानूसन की सक्रियता के कारण राज्य के अधिकतर भागों में मध्यम से भारी वर्षा का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग से मिली रिपोर्ट के अनुसार पिछले चौबीस घंटों में राज्य के उत्तरी भागों में अधिकांश स्थानों पर तेज बारिश दर्ज की गयी। इस अवधि के दौरान पटना के खुसरूपुर में सबसे अधिक एक सौ दो दशमलव आठ मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गयी। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि आज सुपौल, अररिया, किशनगंज, गया और नवादा समेत राज्य के उत्तर–पूर्व और दक्षिण–मध्य भागों में कई स्थानों पर भारी वर्षा की आशंका है। वहीं, मधुबनी, सीतामढ़ी, दरभंगा, पूर्णियां समेत राज्य के उत्तर–मध्य भागों में कई स्थानों पर आंधी–पानी के साथ वज्रपात की सम्भावना है।

————————————————————————————

प्रदेश से होकर गुजरने वाली प्रमुख नदियों के जलस्तर में लगातार बढ़ोत्तरी का सिलसिला जारी है। गंगा, पुनपुन, बूढ़ी गंडक, घाघरा और कोसी समेत कई नदियां विभिन्न स्थानों पर खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। केंद्रीय जल आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार गंगा नदी का जलस्तर पटना के दीघा घाट, गांधी घाट और हाथीदह में खतरे के निशान से ऊपर बना हुआ है। भागलपुर और कहलगांव में भी नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। मुंगेर में नदी का जलस्तर लाल निशान से तैंतालीस सेंटीमीटर ऊपर दर्ज किया गया। इधर, सोन नदी पटना के मनेर में और पुनपुन नदी पटना के श्रीपालपुर में खतरे के निशान के उपर बह रही है। घाघरा नदी का जलस्तर सीवान के दरौली और गंगपुर सिसवन में लाल निशान को पार कर गया है। बूढ़ी गंडक नदी खगड़िया में लाल निशान से डेढ़ मीटर ऊपर बह रही है। वहीं, कोसी नदी खगड़िया के बलतारा और कटिहार के कुर्सेला में लाल निशान से ऊपर बनी हुई है।

————————————————————————————

इधर,विभिन्न नदियों में भारी उफान के कारण पटना, बक्सर, मधुबनी, शेखपुरा, खगड़िया और भागलपुर समेत कई जिलों में बाढ़ की स्थिति और गंभीर हो गयी है। बाढ़ से तेरह जिलों में दस लाख से अधिक की आबादी प्रभावित है। गंगा नदी में उफान से पटना जिले के दियारा इलाके में बाढ़ की स्थिति गम्भीर बनी हुई है। दानापुर के पुरानी पानापुर, कासिमचक, हेतनपुर, गंगहारा, पतलापुर, मानस और अकीलपुर पंचायत के विभिन्न गांव बाढ़ की चपेट में हैं। बक्सर से हमारे संवाददाता ने बताया है कि जिले में गंगा नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी से ब्रहमपुर प्रखंड के दियारा उतरी भाग में सड़क संपर्क भंग हो गया है। भागलपुर जिले में भी गंगा के बढ़ते जलस्तर से कई प्रखंडों के दर्जनभर गांवों में बाढ़ का संकट गहरा गया है। एक रिपोर्ट–

———बाईट———

जिले में बाढ़ की स्थिति गंभीर होती जा रही है। दियारा इलाका पूरी तरह जलमग्न हो चुका है। अब बाढ़ का पानी शहरी इलाकों में भी फैलने लगा है। नाथनगर से श्रीरामपुर होते हुए दियारा जाने वाली सड़क पूरी तरह जलमग्न है। वहीं, भागलपुर इंजीनियरिंग कॉलेज परिसर में गंगा नदी का पानी प्रवेश कर जाने से कॉलेज प्रशासन ने हॉस्टलों को खाली कराते हुए अगले आदेश तक के लिए बंद कर दिया है। बाढ़ के कारण टी एम बी यू प्रशासन की परेशानियां लगातार बढ़ती जा रही हैं। विद्यार्थियों और कर्मचारियों को प्रशासनिक कार्यों के लिए नाव का सहारा लेना पड़ रहा है। वहीं, बाढ़ प्रभावित टोलों के लोगों के आवागमन की सुविधा के लिए जिला प्रशासन की ओर से उनचास नावों का परिचालन करवाया जा रहा है। बाढ़ प्रभावित परिवारों के लिए नाथनगर, सबौर, सुल्तानगंज और साहकुंड में दो सामुदायिक किचन शुरू किया गया है। दूसरी ओर राष्ट्रपति के आगमन के मद्देनजर जिला प्रशासन की ओर से हवाई अड्डा के बाढ़ पीड़ितों को पॉलिटेक्निक कॉलेज मैदान में शिफ्ट कर दिया गया है। इधर, नाथनगर थाना क्षेत्र के शाहपुर गांव में 15 वर्षीय युवक रौशन कुमार की बाढ़ के पानी में डूबने से मौत हो गई। आकाशवाणी समाचार के लिए भागलपुर से विनोद कुमार।

मुंगेर से हमारे संवाददाता ने बताया कि जिले में गंगा नदी के जलस्तर में वृद्धि के कारण पांच प्रखंडों के लगभग तीस गांव बाढ़ से प्रभावित हैं।

———बाईट———

गंगा के जलस्तर में लगातर वृद्धि से जिले के पांच प्रखंडों के लगभग 30 गांव बाढ़ से प्रभावित हैं। सदर प्रखंड के जाफरनगर, कुतलुपुर, टिकारामपुर पंचायत में कई दिनों से बाढ़ का पानी रहने के कारण ग्रामीणों ने ऊँचे स्थानों की और पलायन करना शुरू कर दिया है। जिला प्रसाशन द्वारा मुहैया नाव से ग्रामीण अपनी जरूरत का समान लेकर आश्रय स्थल की और जा रहे हैं। बरियारपुर प्रखंड के कई गावों में भी बाढ़ का पानी प्रवेश कर चुका है। वहीं, बरियापुर प्रखंड प्रथामिकी स्वास्थ्य केंद्र और प्रखंड कार्यालय पूरी तरह बाढ़ के पानी से घिर गया है। धरहरा प्रखंड में एनएच अस्सी  किनारे बहाचोकी, हेमजापुर और शिवकुण्ड पंचायत में लोगों के घरों में बाढ़ का पानी प्रवेश कर चुका है। वही बाढ़ की स्थिति को देख जिलाधिकारी निखिल धनराज निप्पीकर ने गंगा में मोटर बोट से कुतलुपुर पंचायत का दौरा किया और बाढ़ पीड़ितों से जानकारी ली। जिलाधिकारी ने बताया की 24 घंटे में बाढ़ में कमी आयी है और आने वाले दस से बारह घंटे में जलस्तर और कम होगा। उन्होंने कहा 11 जगहों पर सामुदायिक किचन का संचालन किया जा रहा है। इसके साथ पॉलीथिन सीट दिया जा रहा और एक सौ सात नाव बाढ़ प्रभावित क्षेत्रो में चलाया जा रहा है। आकाशवाणी समाचार के लिए मुंगेर से प्रशांत कुमार सिंह।

इधर, कटिहार जिले में गंगा, कोसी, बरंडी और कारी कोसी नदी के जलस्तर में तेजी से वृद्धि हो रही है। जिले के कुरसेला प्रखंड के निचले इलाकों में बाढ़ का पानी प्रवेश कर गया है। रिहायशी इलाके की ओर भी पानी बढ़ने लगा है। शिवहर जिले में बागमती और लालबकेया नदी के जलस्तर में वृद्धि से निचले इलाकों में बाढ़ का पानी फैल गया है। वहीं, सुपौल से हमारे संवाददाता ने बताया कि नेपाल में भारी बारिश से कोसी बराज का जलस्तर बढ़ा है। देर रात दो लाख क्यूसेक पानी डिस्चार्ज किया गया। बाढ़ की आशंका को देखते हुये कोसी तटबंध के अंदर बसे लोगों को अलर्ट किया गया है। इधर, आपदा प्रबंधन विभाग ने बाढ़ प्रभावित इलाकों में राहत और बचाव कार्य तेज कर दिया है। बाढ़ से घिरे लोगों के आवागमन के लिए नाव का परिचालन किया जा रहा है। विभाग की ओर से राहत शिविर और सामुदायिक रसोई घरों का संचालन भी किया जा रहा है।

———————————————————————————

निर्वाचन आयोग ने राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव द्वारा दो अगस्त को संवाददाता सम्मेलन के दौरान दिखाए गये मतदाता पहचान पत्र को फर्जी घोषित किया है। दीघा विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक निबंधन अधिकारी– ईआरओ ने तेजस्वी यादव को सोलह अगस्त की शाम पांच बजे तक इस मतदाता पहचान पत्र को आयोग कार्यालय में जमा कराने का निर्देश दिया है।

———————————————————————————

इधर, आयोग ने कहा है कि राज्य में चल रहे मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत राजनीतिक दलों से अब तक कोई दावा–आपत्ति नहीं मिली है। एक सितम्बर तक दावा–आपत्ति के लिए आवेदन लिये जा सकते हैं। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन तीस सितम्बर को होगा।

———————————————————————

निर्वाचन आयोग ने कहा कि देश के विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के तीन सौ चौंतीस पंजीकृत गैर–मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को सूची से हटा दिया गया है। ये दल दो हजार उन्नीस से छह वर्षों तक एक भी चुनाव लड़ने की अनिवार्य शर्त पूरी करने में विफल रहे हैं। इन दलों के कार्यालयों का भी कोई अता पता नहीं है। इनमें बिहार के सत्रह दल शामिल है। निर्वाचन आयोग में राष्ट्रीय राजनीतिक दल, क्षेत्रीय राजनीतिक दल और पंजीकृत गैर–मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल जनप्रतिनिधित्व अधिनियम के प्रावधानों के तहत पंजीकृत हैं।

———————————————————————

प्रदेश में सोलह अगस्त से शुरू हो रहे राजस्व महाअभियान में पंचायत प्रतिनिधियों की भी मदद ली जायेगी। इसको लेकर राजस्व और भूमि सुधार विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह की अध्यक्षता में आज बैठक होगी, जिसमें पंचायत प्रतिनिधियों के साथ विभिन्न सेवा संघों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। महाअभियान के दौरान डिजिटाइज्ड जमाबंदियों की त्रुटियों में सुधार, छूटी हुई जमाबंदी को ऑनलाईन करने, उत्तराधिकार नामांतरण और संयुक्त सम्पत्तियों के बंटवारा नामांतरण के लिए भी आवेदन लिये जायेंगे। इस दौरान विभाग की टीम घर–घर जाकर आवेदन प्रपत्रों का वितरण और दस्तावेजों के साथ आवेदनों को संकलित करेगी।

———————————————————————

बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने लोगों से आज रविवार को नो हॉर्न दिवस के रूप में मनाने की अपील की है। पटना शहर में ध्वनि प्रदूषण के स्तर में कमी लाने के उद्देश्य से बोर्ड ने लोगों से गाड़ियों के हॉर्न सप्ताह मेंएक दिन नहीं बजाने का अनुरोध किया है। पिछले माह तीस जुलाई को भी नो हॉर्न दिवस मनाया गया था। बोर्ड की ओर से जारी एडवाईजरी में लोगों से हर रविवार को नो हॉर्न डे का पालन करने का आग्रह किया गया है।

———————————————————————

राजगीर में खेले जा रहे एशिया रग्बी सेवन अंडर ट्वेंटी चैंपियनशिप के सेमीफाइनल मुक़ाबले तय हो गए हैं। भूमिका शुक्ला की अगुवाई वाली भारतीय महिला टीम आज सेमीफाइनल में चीन के साथ भिड़ेगी।

———बाईट———

अंतरराष्ट्रीय खेल परिसर में रग–रग रग्बी का शोर बढ़ता ही जा रहा है। कल खेले गये लीग मुकाबलों में सुपौल की अंशु के बेहतरीन प्रदर्शन के बूते भारतीय महिला टीम ने सेमीफाईनल में जगह बना ली है। अब फाईनल में पहुंचने के लिए टीम को चीन के खिलाफ जीत दर्ज करनी है। वहीं, महिला वर्ग का दूसरा सेमीफाइनल उज़्बेकिस्तान और हांगकांग के बीच खेला जाएगा। वहीं, पुरुष वर्ग में भारतीय टीम का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। शुरुआती पहला मैच जीतने के बाद दो मैचों में लगातार हार के साथ भारतीय पुरुष टीम खिताबी दौड़ से बाहर हो गई। आज भारतीय टीम पांचवें स्थान के लिए कजाकिस्तान के साथ मुकाबला करेगी। वहीं, पुरुष वर्ग का पहला सेमीफाईनल श्रीलंका और चीन के बीच होगा जबकि दूसरे सेमीफाइनल में मलेशिया का मुकाबला हांगकांग से होगा। आज ही प्रतियोतिता का फाईनल मुकाबला भी खेला जायेगा। आकाशवाणी समाचार के लिए राजगीर से निरंजन कुमार।

———————————————————————

बेगूसराय पुलिस ने चकिया थाना क्षेत्र से चार स्मैक तस्करों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से भारी मात्रा में नशीला पदार्थ स्मैक बरामद किया गया है।

———————————————————————

अररिया जिले के फारबिसगंज थाना क्षेत्र के मुख्य बाजार के छुआपट्टी में पुलिस ने छापेमारी कर छह हजार दो सौ अस्सी अवैध लॉटरी बरामद किया है।

———————————————————————

दरभंगा स्थित कामेश्वर सिंह संस्कृत विश्वविद्यालय में संस्कृत सप्ताह मनाया जा रहा है। इसके तहत विभिन्न शैक्षिक स्पर्धाओं का आयोजन किया गया।

———————————————————————

खगड़िया जिला के महेशखुंट थाना क्षेत्र अन्तर्गत पुलिस और एसटीएफ की संयुक्त कार्रवाई में पांच हथियार तस्करों को गिरफ्तार कर लिया गया।

———————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने बाढ़ की खबर पर लिखा है– उत्तर–पूर्वी बिहार में बाढ़ से तबाही, उन्नीस की मौत।

दैनिक जागरण ने रेलवे के एक फैसले का शीर्षक लगाया है– आने–जाने का टिकट लेने पर रेल किराये में बीस प्रतिशत छूट।

दैनिक भास्कर ने वायु सेना प्रमुख के बयाने के हवाले से लिखा है– ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमने पाक के पांच जेट और एक अवाक्स विमान गिराया था।

प्रभात खबर की सुर्खी है– आईसीआईसीआई बैंक में खाते पर न्यूनतम बैलेंस अब पचास हजार रूपये।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज सामाजिक सुरक्षा पेंशन की दूसरी किस्त जारी करेंगे। एक हजार दो सौ सैंतालीस करोड़ रुपये से अधिक की राशि लाभुकों के खाते में होगी अंतरित।

02. रेलवे ने राउंड ट्रिप पैकेज योजना शुरू की। यात्रियों को आने–जाने का टिकट एक साथ लेने पर रेल किराये में बीस प्रतिशत की मिलेगी छूट।

03. प्रदेश की नदियों में भारी उफान के कारण पटना, बक्सर, खगड़िया और भागलपुर समेत कई जिलों में बाढ़ की स्थिति गंभीर। तेरह जिलों में दस लाख से अधिक की आबादी बाढ़ से प्रभावित।

04. और, राजगीर में खेले जा रहे एशिया रग्बी सेवन अंडर ट्वेंटी चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में आज भारतीय महिला टीम का मुकाबला चीन के साथ होगा।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।